129

# M.P. PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD

"CHAYAN BHAWAN", MAIN ROAD NO-1, CHINAR PARK(EAST), BHOPAL-462011
E-MAIL : VYAPAM@MP.NIC.IN, WEBSITE : WWW.VYAPAM.NIC.IN PHONE: (0755) 2578801-04 FAX: 0755-2550498

# RESULT OF

# D.A.H.E.T.-2013

## (DIPLOMA IN ANIMAL HUSBANDRY ENTRANCE TEST-2013)

(मध्यप्रदेश पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुपालन पत्रोपाधि महाविद्यालयों में द्विवर्षीय पशुपालन पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु परीक्षा–2013)

DATE OF TEST - 19th MAY 2013

DATE OF RESULT - 14th JUNE 2013

RESULT IS AVAILABLE ON WEBSITE : **www.vyapam.nic.in**

130

# मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल
## डी.ए.एच.ई.टी.–2013 का परीक्षा परिणाम

मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा दिनांक 19/05/2013 (रविवार) को प्रदेश के इन्दौर, जबलपुर व रीवा शहरों में डी.ए.एच.ई.टी. (डिप्लोमा इन एनिमल हस्बेंडरी प्रवेश परीक्षा)–2013 का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस प्रवेश परीक्षा परिणाम के माध्यम से मध्यप्रदेश पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत 05 पशुपालन पत्रोपाधि महाविद्यालयों जबलपुर, महू, रीवा, भोपाल एवं मुरैना में द्विवर्षीय पशुपालन पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश दिये जायेंगे।

2. इस प्रवेश परीक्षा के लिए केवल ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त कुल **12,129** मान्य आवेदन–पत्रों के प्रवेश–पत्र जारी किए गए थे, जिसमें से कुल **9,092** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें अनुसूचित जाति के **1,712**, अनुसूचित जनजाति के **3,179** तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के **3,066** अभ्यर्थी एवं सभी श्रेणियों की कुल महिला अभ्यर्थियों की संख्या **1,882** थी।

3. इस परीक्षा में **रीवा** परीक्षा शहर के **श्री अमित सिंह राजपूत** आत्मज **श्री रामचरण लाल राजपूत** ने कुलांक **100** में से **87.00** अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में **प्रथम स्थान** प्राप्त किया है। **प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| मेरिट क्र. | रोल नं. | नाम/पिता का नाम | लिंग | श्रेणी | प्राप्तांक 100 में से | परीक्षा शहर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 111943 | AMIT SINGH RAJPUT<br>RAM CHARAN LAL RAJPUT | M | OBC | 87.00 | REWA |
| 2. | 111016 | BRAJMOHAN SHARMA<br>MAHESH SHARMA | M | UR | 87.00 | JABALPUR |
| 3. | 110875 | KANCHAN SINGH<br>BACHARAM | M | SC | 85.00 | JABALPUR |
| 4. | 112320 | NANDKISHORE DHAKAR<br>RAMCHARAN DHAKAR | M | OBC | 85.00 | REWA |
| 5. | 112368 | SATYAM DEVLIYA<br>KRISHAN KUMAR DEVLIYA | M | UR | 85.00 | REWA |
| 6. | 103552 | PRASHANT CHATURVEDI<br>BRIJ KISHOR CHATURVEDI | M | UR | 84.00 | INDORE |
| 7. | 102993 | GAUTAM RISHI PAL<br>BHAGIRATH PAL | M | OBC | 83.00 | INDORE |
| 8. | 103512 | AJAY RAJORIYA<br>RAMAUTAR RAJORIYA | M | SC | 83.00 | INDORE |
| 9. | 103518 | HEMANT SINGH THAKUR<br>KAMAL SINGH THAKUR | M | UR | 83.00 | INDORE |
| 10. | 111451 | PRADEEP SINGH<br>RAMSANEHI | M | UR | 82.00 | REWA |

4. परीक्षा उपरांत मंडल द्वारा दिनांक 20.05.2013 को आदर्श उत्तर वेबसाईट पर अपलोड किये गए थे, जिस पर दिनांक 27.05.2013 तक अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तर को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर यह परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।

5. नियमपुस्तिका के अध्याय–1 के नियम क्रं. 1.17(1) एवं 1.17(2) के अनुसार कुंजी समिति द्वारा तैयार किए गए "अंतिम उत्तर" तथा "परीक्षा परिणाम" मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट www.vyapam.nic.in पर प्रदर्शित किए गए हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

–2–

6. लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकजाई चयन सूची श्रेणीवार (अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) रोल नंबर के क्रम से प्रकाशित की गई है एवं अभ्यर्थियों के रोल नंबर के समक्ष कोष्टक में उनके प्राप्तांक एवं मेरिट क्रम भी दर्शाए गए है।

7. कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की शहरवार व श्रेणीवार की जानकारी नीचे तालिकाओं में दी गई है।

**तालिका–1**

**कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की शहरवार जानकारी**

| क्रं. | शहर का नाम | कुल मान्य आवेदक | | योग | परीक्षा में सम्मिलित आवेदक | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | | छात्र | छात्रा | |
| 1 | इन्दौर | 6,106 | 1,449 | 7,555 | 4,631 | 1,077 | 5,708 |
| 2 | जबलपुर | 2,576 | 804 | 3,380 | 1,897 | 614 | 2,511 |
| 3 | रीवा | 958 | 236 | 1,194 | 682 | 191 | 873 |
| | **महायोग :–** | **9,640** | **2,489** | **12,129** | **7,210** | **1,882** | **9,092** |

**तालिका–2**

**कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की श्रेणीवार जानकारी**

| क्रं. | श्रेणी का नाम | कुल मान्य आवेदक | | योग | परीक्षा में सम्मिलित आवेदक | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | | छात्र | छात्रा | |
| 1 | अनारक्षित | 1,227 | 266 | 1,493 | 930 | 205 | 1,135 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 2,113 | 395 | 2,508 | 1,426 | 286 | 1,712 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 2,955 | 1,362 | 4,317 | 2,150 | 1,029 | 3,179 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3,345 | 466 | 3,811 | 2,704 | 362 | 3,066 |
| | **महायोग :–** | **9,640** | **2,489** | **12,129** | **7,210** | **1,882** | **9,092** |

8. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर बनाया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण चयन/प्रवेश के पूर्व संबंधित विभाग/विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा। तदोपरांत ही चयन/प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

9. संस्थाओं में प्रवेश दिये जाने की प्रक्रिया : इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी सक्षम प्राधिकारी/संबंधित विभाग/विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी अथवा उनकी वेबसाईट पर उपलब्ध की जावेगी।

**(अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)**

भोपाल, दिनांक : 14–06–2013

14/6/13

**( डॉ. पंकज त्रिवेदी )**
**नियंत्रक**
म.प्र. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
भोपाल